हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 17 सितम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 मेडिकल कॉलेज अस्पताल की बड़ी लापरवाही शौचालय के सामने परिजन करते हैं भोजन



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# धर्मांतरण की सूचना पर पुलिस ने लिया हिरासत में, सुबह छोड़ा

## शिकायत करने के लिए कोई भी संगठन नहीं आया सामने, बीमारी ठीक करने चल रही थी चंगाई सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बिना अनुमति देर रात चंगाई सभा की आड़ में धर्मांतरण की सूचना पर पहुंची पुलिस लोगो को पकड़कर थाने तो ले आई लेकिन बाद में शिकायतकर्ता के सामने नहीं आने से पुलिस पशोपेश में पड़ गई। रात से लेकर सुबह तक इन्तजार करने के बाद भी हिंदूवादी संगठन से कोई व्यक्ति एफआईआर लिखवाने के लिए आगे नहीं आया जिसके बाद पुलिस ने शिकायत के आभाव में सभी लोगों को छोड़ना पडा और अब पूरे मामले को रफा दफा कर दिया गया है।

बता दें कि सरगुजा जिले के सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में धर्मांतरण का मामला काफी तेजी से फैल रहा है। भोले भाले आदिवासी ग्रामीणों को बीमारी से ठीक करने, पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है और इस तरह के अनेकों मामले सामने आ चुके है। इस बीच सोमवार की रात भी वार्ड क्रमांक 14 में बीमारी भगाने की आड़ में चंगाई सभा आयोजन किए जाने की सूचना मिली थी। जशपुर जिले के पत्थलगांव स्थित पाकरगांव से दर्जनों संख्या में महिला-पुरुष और पादरी सभा में पहुंचे हुए थे जिनके द्वारा बीमारी भगाने के नाम पर चंगाई सभा का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में बीमारी दूर कराने 30-40 की संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल होने आए थे। चंगाई सभा की आड़ धर्मांतरण की सूचना के बाद देर रात पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बाहर से आए पादरी व अन्य लोगों को पकड़कर थाने ले गई और उनसे पूछताछ की गई।



### सूचना के बाद पहुंचे हिंदूवादी संगठन

संचाई सभा की आड़ में धर्मांतरण की सूचना मिलने के बाद हिंदूवादी संगठन समेत आस पास के लोग थाने पहुँच गए थे जिसके बाद धर्मांतरण को लेकर माहौल काफी गर्म हो गया और लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। हिंदूवादी संगठनों के लोग चंगाई सभा की आड़ में धर्मांतरण का आरोप लगा पकड़े गए लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इस मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस पकड़े गए लोगो को पुलिस पूरी रात थाने में बैठाए रखी। अगली सुबह दोनों पक्षो के लोग काफी संख्या में थाने पहुंचे जहां इस मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक चर्चा होती रही। अंत मे चंगाई सभा की आड़ में धर्मांतरण के आरोप में पकड़े गए लोगो को शिकायत के अभाव में छोड़ते हुए मामले को रफादफा किया गया। इस दौरान थाने में दोनों पक्षों के लोग काफी संख्या में मौजूद थे। इस संबंध में थाना प्रभारी गौरव कुमार पांडेय ने बताया कि सूचना के बाद कुछ लोगों को थाने लाया गया था और उनसे पूछताछ की गई। इस मामले में कोई भी शिकायतकर्ता नहीं आया और शिकायत के आभाव में उन्हें छोड़ दिया गया है।

## स्थानीय लोगों, बैगा, संरक्षण-संवर्धन समिति से की मुलाकात

# अब कांग्रेस का जांच दल पहुंचा रामगढ़ पहाड़ का निरीक्षण करने



रामगढ़ पहाड़ पर नजर आती दरार।



निरीक्षण दल में शामिल कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोयला खनन के लिए की जाने वाली ब्लास्टिंग से रामगढ़ पहाड़ को लेकर खतरे को लेकर अब राजनीती तेज हो गई है। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल के बाद अब कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने भी धार्मिक और पुरातात्विक महत्व के रामगढ़ पर्वत का निरीक्षण किया। एक तरफ भाजपा की जांच समिति ने यह दावा किया कि ब्लास्टिंग से रामगढ़ पहाड़ को कोई खतरा नहीं है तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों व कांग्रेस का कहना है कि दरारें बढ़ी हुई है और अब रामगढ़ का अस्तित्व खतरे में है।

**खास बात**
- आज साझा करेगी जांच रिपोर्ट

बता दें कि कोयला खदान व ब्लास्टिंग से रामगढ़ पहाड़ के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। धार्मिक और पुरातात्विक महत्व के इस पर्वत को बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने रामगढ़ संरक्षण एवं संवर्धन समिति का गठन किया था और इस समिति को कांग्रेस और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का समर्थन मिला। पूर्व डिप्टी सीएम ने भी कोयला खदान के लिए कलेक्टर, डीएफओ द्वारा दी गई अनुमति पर सवाल उठाए थे। रामगढ़ पहाड़ का मुद्दा उठने के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का ⏭ शेष पेज 4 पर

### स्थानीय लोगों और बैगा ने दी जानकारी

जांच दल ने रामगढ़ पहाड़ में पड़ी दरारों के विषय में जानकारी के लिए पर्वत पर मौजूद मंदिर के बैगा चंदन सिंह और स्थानीय निवासियों से जानकारी प्राप्त की है। उनसे यह जानकारी मिली कि खदान में ब्लास्टिंग के कारण पूरा पहाड़ खतरनाक रूप से कंपन करता है। ब्लास्टिंग के कारण पहाड़ की चट्टानों में चारो ओर दरार पैदा हो गई है। मंदिर जाने के रास्ते में सीढ़ियों पर लाल माटी और सिंहद्वार पर चट्टानों में पड़ी दरारें बेहद खतरनाक स्थिति में है। स्थानीय निवासियों ने जानकारी दी है कि ब्लास्टिंग के कारण विगत वर्षों में सीढ़ियों की ये दरारें निरंतर चौड़ी होते जा रही हैं। अगर भविष्य में यहां ब्लास्टिंग जारी रही तो मंदिर तक पहुंचने वाली सीढ़ियों के चट्टानों में लैंडस्लाइड होने की पूरी संभावना है। ऐसी स्थिति में रामगढ पर्वत पर स्थित पवित्र राममंदिर जो सरगुजा जिले में धार्मिक आस्था का केंद्र है तक पहुंचना नामुमकिन हो जाएगा। जांच दल इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि इस क्षेत्र में मौजूदा खदानों की गतिविधियों और नई खदान के खुलने से रामगढ पर्वत का अस्तित्व समाप्त होना तय है। स्थानीय निवासियों के साथ ही साथ जांच दल ने रामगढ़ संरक्षण एवं संवर्द्धन समिति के सदस्य राजनाथ सिंह, अमृत यादव, नंदा राम, मधु पंडो से भी मुलाकात की।

### ब्लास्ट से हिलता है पहाड़ : शफी

जांच दल में शामिल ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि भाजपा के द्वारा जो जांच दल बनाया गया उसमें पहले ही बताया गया है कि कांग्रेस भ्रम फैला रही है। यदि जांच दल बना रहे है तो पहले फैसला कैसे किया जा रहा है कि कांग्रेस भ्रम फैला रही है। जांच के बाद भाजपा को बताना था कि कांग्रेस भ्रम फैला रही है या मामला सत्य है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्लास्ट होता है तो पहाड़ हिलता है। रामगढ़ का पहाड़ अस्तित्व खतरे में है और दरारें बढती जा रही है। भाजपा को इस मामले में संवेदनशील होने की आवश्यकता है। कांग्रेस की सरकार के समय वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट के माध्यम से जांच कराई गई थी और उन्होंने कहा था कि खदान क्रमांक 14 में जो अनुमति दी गई है उसके बाद अनुमति ना दी जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सफाई साल्ही-घाटबर्रा की बात कर रही है जबकि हम साल्ही-घाटबर्रा, रामगढ़ की बात कर रहे है। इसका एनओसी भारत सरकार को भेज दिया गया है लेकिन अनुमति नहीं मिली है। यदि इसे रोक दिया जाएगा तो रामगढ़ पहाड़ बच जाएगा। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट की जांच रिपोर्ट का पालन हो जाए तो खदान क्रमांक 12 को अनुमति नहीं मिल पाएगी।



# मजदूरी कराने के बाद राजमिस्त्री को नहीं दी राशि, पीड़ित ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मजदूरी कराने के बाद पैसे नहीं देने व मानसिक रूप से प्रताड़ति करने के मामले में पुलिस ने दो ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ग्रामीण को इस कदर प्रताड़ति किया की उसने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। बड़ी बात यह है कि युवक को प्रताड़ति करने वाले उसके रिश्तेदार ही है। मर्ग जांच के बाद सनावल पुलिस ने यह कार्रवाई की है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

- पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को यूपी से किया गिरफ्तार

सनावल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम निमदामर पारा निवासी 25 वर्षीय जयगोवोंद मानिकपुर आ. राम लखन मानिकपुरी ने 1 अगस्त की देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। युवक की मौत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि जय गोविन्द मानिकपुरी ग्राम सुंदरी के ठेकेदार रामचंद्र मानिकपुरी के साथ मजदूरी करने के लिए यूपी के झांसी महोवा गया हुआ था। इस दौरान उसने यूपी में दो साल तक राज मिस्त्री का काम किया और उसकी मजदूरी लगभग 1 लाख रुपए हो रही थी। जब जय गोविन्द मानिकपुरी ने ठेकेदार रामचंद्र मानिकपुरी से अपनी अपनी मजदूरी मांगी तो उसने यह कहते हुए पैसे देने से मना कर दिया कि उसकी मजदूरी पहले दे चुका है। ठेकेदार ने युवक को डांटकर भगा दिया था जिसके बाद युवक काफी परेशान चल रहा था। पुलिस के अनुसार 30 जुलाई को मृतक जय गोविन्द मानिकपुरी अपने भाई विनय मानिकपुरी के घर ग्राम नकवा से उसकी बाइक क्रमांक यूपी 64 एके 6234 लेकर घर जा रहा था। इस दौरान ग्राम कोंगा के पास रामचंद्र के लेबर असरफी व अन्य लोगों ने उसे रोक लिया और बोला कि तुम्हारा रिश्तेदार रामचंद्र मानिकपुरी हम लोगों की मजदूरी नहीं दे रहा है। ऐसे में जब जयगोविंद मानिकपुरी ने असरफी के मोबाइल फोन से रामचंद्र मानिकपुरी को फोन लगाया और उनकी मजदूरी देने को बोला तो रामचंद्र ने उल्टा यह बोल दिया कि उनकी मजदूरी जय गोविन्द मानिकपुरी देगा और यदि वह पैसा नहीं देता है तो उसके भाई की बाइक को छीनकर अपने पास रख लो। ऐसे में असरफी व एनी लोगों ने युवक से बाइक लूट लिया जिसके बाद जयगोविंद मानिकपुरी पैदल ही घर गया और रामचंद्र के पिता रामशरण के पास जाकर घटना की जानकारी देते हुए उसे समझाने और मजदूरी देने की बात अखी और फिर घर चला गया।

### घर जाकर दी जान से मारने की धमकी

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि 31 जुलाई को सुबह 10 से 11 बजे के बीच रामशरण मानिकपुरी मृतक जयगोविंद के घर पहुंचा और उसे धमकी दी कि तुम अपनों की जितनी सेवा करना है कर लो आज तुम्हे मारकर फेकवा दूंगा। इस घटना के बाद जयगोविंद काफी डरा हुआ था। ठेकेदार रामचंद्र मानिकपुरी द्वारा मजदूरी नहीं देने, ठेकेदार के पिता द्वारा जान से मारने की धमकी देने, असरफी द्वारा भाई की बाइक लूटकर रखने के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति होकर युवक ने 1 अगस्त की रात फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने यूपी सोनभद्र के दुद्धी अंतर्गत अमवार सुंदरी निवासी 32 वर्षीय रामचंद्र मानिकपुरी आ. रामशरण मानिकपुरी और 65 वर्षीय रामशरण मानिकपुरी आ. स्व. रामदेव को बीएनएस की धारा 108 ,309 (2), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर लिया है जबकि असरफी की तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गजपति मर्रे, सउनि गोटिया राम मरावी, आरक्षक अमृत सोनवानी, प्रविन्द्र कुजूर सक्रिय रहे।

# घर के बाहर बात करने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या

**बलरामपुर**। घर के बाहर बात करने से मना करने को लेकर हुए विवाद में युवक की लोहे के पाइप से मारकर हत्या कर दी गई। युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गणेश मोड़ चौकी पुलिस से मिली जानकारी एक अनुसार महाराजगंज निवासी उपेन्द्र सिंह आ. नारायण सिंह 15 सितम्बर की शाम 7.30 बजे गांव के नरेंद्र सिंह के साथ अमर सिंह के घर करमा देखने गया हुआ था। रात को करमा देखकर दोनों वापस घर लौट रहे थे इस दौरान राम स्वरुप सिंह के घर के समीप उसे मित्र जय प्रकाश मिल गया जिससे दोनों युवक खड़े होकर बातचीत करने लगे। रात लगभग 9 बजे मकान मालिक राम स्वरुप मौके पर पहुंचा और उसके घर के समीप बातचीत करने व हल्ला गुल्ला करने को लेकर उपेन्द्र सिंह से विवाद करने लगा। जब युवकों ने राम स्वरुप से कहा कि वे शोर नहीं मचा रहे है तो राम स्वरुप भड़क गया और दोनों से झगड़ा करने लगा। विवाद बढने पर राम स्वरुप सिंह घर से लोहे की पाइप लेकर आया और हत्या करने की नियत से उपेन्द्र सिंह के सिर पर वार कर दिया। इस हमले में उपेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद उपेन्द्र के पिता महराजगंज निवासी 56 वर्षीय नारायण सिंह आ. स्व. बुद्ध सिंह ने घटना की शिकायत पुलिस से की। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही जांच उपरान्त हत्या के आरोप में महराजगंज निवासी 35 वर्षीय राम स्वरुप सिंह आ. सुदेश्वर सिंह को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

- करमा देखकर लौट रहा था युवक, उपचार के दौरान तोड़ा दम, आरोपी गिरफ्तार



## आज पूर्णाहूति के साथ होगा समापन, होंगे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान

# विश्वकर्मा पूजन के अवसर पर शुरू हुआ अखंड रामयाण पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को देवशिल्पी की पूजा धूमधाम से की जाएगी। भगवान विश्वकर्मा पूजन को लेकर समाज के लोगों द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है और मंदिर को सजाया गया है। इसके साथ ही मंगलवार को मंदिर में समिति की ओर से 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ की शुरुआत की गई जबकि बुधवार को रामायण पाठ समापन के बाद हवन पूजन व विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण किए जाएंगे।

बता दें कि भगवान विश्वकर्मा पूजन के समारोह को लेकर श्री विश्वकर्मा सेवा समिति द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है। समिति द्वारा मंदिर में साज सज्जा के साथ ही रौशनी की गई है। इस दौरान मंगलवार को सुबह 7 बजे विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद सुबह 8 बजे विश्वकर्मा पूजन के अवसर पर अखंड रामायण पाठ की शुरुआत की गई। इसके साथ ही बुधवार को सुबह 11 बजे अखंड रामायण पाठ का समापन किया जाएगा जिसके बाद श्री विश्वकर्मा चालीसा पाठ किया जाएगा। दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में विधि विधान से विश्वकर्मा हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति दी जाएगी और भण्डारा वितरण किया जाएगा। वहीं शाम को 108 थाल से महाआरती की जाएगी। 18 सितंबर की दोपहर 2 बजे विश्वकर्मा पूजन के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो विभिन्न मार्गों से होते हुए शंकर घाट में समाप्त होगी।



# सवा लाख रुपए के गांजा समेत युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर**। गांजा लेकर ग्राहक की तलाश में घूम रहे तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सवा लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। बताया जा रहा है 15 सितम्बर की देर शाम कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि सतगुरु कबीर आश्रम बस स्टैंड के बीचे एक युवक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर घूम रहा है और ग्राहक का इन्तजार कर रहा है।



सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही युवक यूपी के सोनभद्र घोरावाल परसौना निवासी 19 वर्षीय आशुतोष शर्मा आ. विजय नारायण शर्मा को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से कुल 6.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया जिसकी कीमत 1 लाख 25 हजार रुपए आंकी गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने उड़ीसा से गांजा ललाकर खापने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, सउनि अभिषेक दुबे, प्रधान आरक्षक सूरज राय, आरक्षक अमरेश सिह सैनिक श्याम साहू, सुनील गुप्ता सक्रिय रहे।

## खबर संक्षेप

### ननि का आवास मेला और गृह प्रवेश कार्यक्रम आज

**अम्बिकापुर**। नगर पालिक निगम में बुधवार को आवास मेला और गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन कम्पनी बाजार स्थित सरगुजा सदन में किया जाएगा। इस दौरान हितग्राहियों से नए आवेदन एवं सत्यापन हेतु स्टॉल भी लगाया जाएगा। साथ ही नवीन स्वीकृत आवास के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं भवन अनुज्ञा भी प्रदान की जाएगी। बता दें पीएमएवाईयू 2.0 में व्यापक जन-जागरूकता बढ़ाने और अधिकतम पात्र लाभार्थी इसका लाभ उठा सकें इस उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 4 सितंबर से 31 अक्टूबर तक अंगीकार 2025 नामक अंतिम छोर तक पहुंचने वाला व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अंगीकार 2025 के तहत 17 सितंबर को पीएमएवाईयू 2.0 के एक वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में पीएमएवाईयू आवास दिवस मनाया जाना है। अंगीकार 2025 अभियान का उद्देश्य पीएमएवाई-यू 2.0 के बारे में जागरूकता बढ़ाना, नए हितग्राहियों के आवेदनों को तीव्रता से सत्यापित करना तथा पूर्व स्वीकृत आवासों की शीघ्रतापूर्वक पूर्णता सुनिश्चित करना है।

### सांसद खेल महोत्सव हेतु पंजीयन 20 तक

**अम्बिकापुर**। खेलो इंडिया एवं फिट इंडिया अभियान के तहत आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन जारी है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 29 अगस्त से शुरू होकर 20 सितम्बर तक चलेगी। इस महोत्सव का आयोजन 29 अगस्त से 20 सितम्बर तक किया जा रहा है। इसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिनमें स्थानीय एवं क्षेत्रीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खिलाड़ी एवं इच्छुक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### सतत विकास लक्ष्य एवं विजन प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थगित

**अम्बिकापुर**। राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार सरगुजा जिले में 19 सितम्बर को आयोजित होने वाला सतत विकास लक्ष्य एवं विजन प्रशिक्षण कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की नई तिथि शीघ्र ही पुनः निर्धारित कर सूचित की जाएगी। यह प्रशिक्षण सतत विकास लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं भविष्य के विकास विजन को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जाना था। नई तिथि घोषित होने पर जिले के अधिकारियों को प्रशिक्षण में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### गुम हुए मोबाइल से अज्ञात लोगों ने पार किया 2 लाख 43 हजार रूपए

**अम्बिकापुर**। हार्डवेयर दुकान संचालक के गुम हुए मोबाइल से अज्ञात लोगों ने फोन पे के माध्यम से 2 लाख 43 हजार रुपए पार कर दिया। दुकान संचालक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुराना बस स्टैंड स्थित हार्डवेयर दुकान संचालक धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल आ. स्व. हुकुम चंद अग्रवाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 13 सितंबर की रात मोबाइल माया लॉज के समीप गिर गया था। मोबाइल में दो बैंक का फोन पे चालू था। मोबाइल के गुम हो जाने पर दुकान संचालक ने दूसरा सिम निकलवा कर चालू किया तो पता चला कि मोबाइल के फोन पे से कई बार में दोनों बैंक खाते से कुल 2 लाख 43 हजार रुपए गायब थे। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



### कृषि अधिकारियों ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के अह्वान पर 9 सूत्रीय मांगों के समर्थन में कृषि विस्तार एवं कृषि विकास अधिकारियों ने सोमवार को भोजन अवकाश के उपरांत मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ की मांगों में पदोन्नति, वेतनमान सुधार, निर्धारित यात्रा भत्ता एवं कार्य परिस्थितियों में सुधार की मांग शामिल है। इस दौरान कार्यकारी जिला अध्यक्ष दीपक कश्यप, नवीन केशरी, श्रीमती मीना रानी तिर्की, सुरेंद्र अहिरवार, आंकाक्षा अंकिता एक्का, आशीष कुमार गुप्ता, नितेश सिन्हा, शिव भगत, नवीन देवांगन, तरूण कुशवाहा, शैवालनीय तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### 9 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर कृषि अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**लखनपुर।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर 9 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर लखनपुर कृषि विस्तार अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष लखन राम के नेतृत्व में लखनपुर तहसील कार्यालय पहुंचे। संघ ने सीएम और कृषि मंत्री ने नाम तहसीलदार उमेश तिवारी को ज्ञापन सोपा है। इस दौरान संघ ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर शासन के शासन के ध्यान आकर्षण हेतु 8 व 9 सितंबर को समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विस्तार अधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर काम किया लेकिन अब तक मांगें लंबित है। उन्होंने बताया कि विरोध स्वरूप संघ के सभी सदस्य बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्य का निष्पादन नहीं करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और कृषि विस्तार अधिकारी के सदस्य मौजूद रहे।

### कर्मा महोत्सव में 25 नर्तक दलों ने दिखाई अपनी कला



**भैयाथान।** लोक नृत्य करमा को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल मैदान में दो दिवसीय करमा महोत्सव शनिवार को प्रारंभ किया गया। प्रथम दिवस जाई यात्रा कर क्षेत्र का भ्रमण किया गया वही रविवार को हाईस्कूल ग्राउंड में करमा प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें 25 करमा दलों ने भागीदारी की। सर्व आदिवासी समाज भैयाथान एवं ओड़गी द्वारा सभी नर्तक दलों को सांत्वना पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर जितेंद्र चंद्रवंशी, जिपं सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह व सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। इस दौरान कार्यक्रम के सुचारू संचालन एवं शांति व्यवस्था में पुलिस टीम पूरे दिन सक्रिय रही। आयोजन समिति द्वारा पुलिस टीम को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला संविधान की जीत

**अंबिकापुर।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून पर उच्चतम न्यायालय का



ऐतिहासिक निर्णय स्वागत योग्य है। इस फैसले ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि भारत में संविधान सर्वोपरि है और उसकी जड़ों को कोई नहीं हिला सकता। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुस्लिम होना अनिवार्य रहेगा। राज्य वक्फ बोर्ड में 3 से अधिक सदस्य किसी अन्य धर्म के नहीं हो सकते जबकि केंद्रीय वक्फ बोर्ड में 4 से अधिक सदस्य अन्य धर्म के नहीं होंगे। 5 वर्ष से मुस्लिम होने पर ही वक्फ संपत्ति घोषित करने जैसी शर्त को भी निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सड़क से लेकर संसद तक वक्फ संशोधन कानून का विरोध किया था और आज सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने मोदी सरकार की साजिश को नाकाम कर दिया है। यह निर्णय लोकतंत्र, संविधान और न्यायिक व्यवस्था की विजय है।

## परिसर स्थित भोजन बनाने वाला शेड बना शो पीस

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल की बड़ी लापरवाही शौचालय के सामने परिजन करते हैं भोजन



सूना मरीज के परिजन के लिए बनाया गया शेड।



शौचालय के सामने भोजन करते मरीज के परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- परिजन को कोई नहीं देता शेड के संबंध में जानकारी

हालात और मजबूर परिजन को कुछ भी करने को मजबूर कर देता है। जो परिजन घर में स्वच्छ स्थान पर भोजन करते है उन्हे हालात शौचालय के सामाने भोजन करने को मजबूर कर दिया है। यह स्थिति कही और नही ब्लकि संभाग मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल की है जहां जानकारी के अभाव में परिजन शौचालय के सामने खाना बनाने और भोजन करने को विवश है। ऐसा नहीं है कि अस्पताल परिसर में भोजन बनाने व खाने के लिए व्यवस्थित शेड नहीं है लेकिन अस्पताल प्रबंधन की अनदेखी व सुरक्षा गार्ड की लापरवाही का खामियाजा जिले के दूर दराज से मरीज लेकर आए परिजन को भुगतना पड़ता है। हैरानी की बात तो यह है कि परिजन को शौचालय के सामने भोजन बनाते तथा भोजन करते देखते है लेकिन व्यवस्थित शेड के संबंध में बताना उचित नहीं समझते।

बरसात के इस मौसम में जहां जिले में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है जिससे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रोड एक्सीडेंट से लेकर विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीज भर्ती होते है जिनका उपचार अलग-अलग वार्ड में किया जाता है। अस्पताल में दाखिल मरीजों के साथ बड़ी संख्या में मरीज के साथ परिजन दूर-दराज क्षेत्र से आते है। हालांकि अस्पताल से मरीजों के लिए नाश्ता से लेकर भोजन की व्यवस्था उपलब्ध है लेकिन मरीज के साथ आने वाले परिजन को अपने भोजन व्यवस्था खुद ही करनी पड़ती है। दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण अस्पताल में भर्ती करने से पूर्व ही खाने पीने की सामान साथ लेकर अस्पताल पहुंचते है। ऐसे में परिजन अस्पताल परिसर में जहां खाली जगह दिखा वहीं पर भोजन बनाने और खाते है। कुछ साल के भीतर ही अस्पताल में कई निर्माण होने से कम ही जगह है विडंबना है कि अब परिजन एमसीएच परिसर स्थित शौचालय के बगल नाली के पास खाली जगह पर पर भोजन बनाते है और शौचालय के सामने बैठकर भोजन करते है। इस बरसात में बुरी तरह से कीचड़ व गंदगी से अटा हुआ है। गंदगी के बीच खाना पकाने से भोजन को दूषित हो ही रहा है साथ ही शौचालय के सामने भोजन करने से हर समय लोगों को बीमारी का खतरा बना रहता है। अस्पताल प्रबंधन की उदासीनता और सुरक्षा गार्ड की लापरवाही के कारण मरीज के परिजन नरकीय जीवन जीने को मजबूर है।

**बीमारी का खतरा**

खुले व नाली के समीप भोजन बनाने व खाने से हर समय बीमारी का खतरा बना रहता है। एक ओर स्वास्थ्य विभाग मौसमी बीमारी के चमेट न आए इसके लिए विशेष अभियान चलाकर ग्रामीणों को सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही जाती है वहीं दूसरे ओर ग्रामीण क्षेत्र नहीं बल्कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में दूर दराज से आए ग्रामीण व्यवस्था के अभाव में नाली के समीप भोजन बनाने व खाने को विवश है। जिससे इन ग्रामीणों में संक्रमण फैलने का खतरा बढ जाती है।

**व्यवस्थित बनाया गया है शेड**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हर रोज दूर दराज से मरीजो के दाखिल होने तथा बड़ी संख्या में परिजन के साथ में आने पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा एक साल पूर्व ही लाखो की लागत से सीटी स्कैन कक्ष के सामने व रसोई घर के पीछे खाली जगह पर एक बड़ा शेड निर्माण किया गया है। शेड के नीचे परिजन के भोजन बनाने चूल्हा, भोजन करने के लिए बैठने की व्यवस्था तथा बर्तन धोने वैशिंग व पेयजल के लिए नल की व्यवस्था की गई। शेड के नीचे एक साथ कई परिवार के लोग भोजन बनाने एवं एक साथ बैठकर भोजन कर सकते है। हैरानी की बात तो यह है कि शेड निर्माण हुए साल भर से अधिक हो गए लेकिन शौचालय के सामने बैठकर भोजन करने वाले लोगों को शेड के संबंध में जानकारी नही दी जाती है जिससे परिजन अस्पताल में व्यवस्था होने के बावजूद शौचालय के सामने भोजन करने को मजबूर है।

**बड़ी संख्या में है सुरक्षा गार्ड**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बड़ी संख्या में सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति की गई है। सुरक्षा गार्ड अस्पताल में चोरी सहित दो पहिया सहित चार पहिया वाहन को व्यवस्थित करने के साथ ही अस्पताल परिसर की निगरानी करते है। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल परिजन में कई सुरक्षा गार्ड घूमते रहते है बावजूद इसके शौचालय के सामने भोजन करने तथा नाली के बगल में भोजन बनाने वाले परिजन को अस्पताल परिजन स्थित व्यवस्थित शेड के संबंध बताना उचित नहीं समझते जिससे दूर दराज से आने वाले मरीज के परिजन गंदगी के बीच भोजन बनाने व खाने को मजबूर है।

**बनाया गया है व्यवस्थित शेड**

अस्पताल में आने वाले मरीज के परिजन के भोजन बनाने व खाने के लिए परिसर में व्यवस्थित शेड का निर्माण किया गया है। सुरक्षा कर्मियों द्वारा बीच बीच में जानकारी दी जाती है। मरीज के परिजन सड़क के दूसरी ओर जाना नहीं चाहते जिससे ऐसी स्थिति निर्मित होती है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक



## अर्बन बैंक के शेयर धारक अब ऑनलाइन देख सकेंगे एकाउंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अर्बन बैंक एम्प्लॉई कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी का नागपुर में हुआ वार्षिक अधिवेशन

गत 13 सितंबर को नागपुर में अर्बन बैंक एम्प्लॉई कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी का 96 वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ, उक्त अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक नागपुर दीपक गुप्ता उपस्थित थे, अध्यक्षता प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी पूर्व तटीय रेलवे ने की, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में उदय भारती वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी एवं वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी नागपुर की उपस्थित थे।

अधिवेशन की शुरुआत अतिथियों के हाथों अर्बन बैंक के परिवर्तन एप्प का शुभारंभ कर किया गया, बैंक के चेयर पर्सन एसपी सिंह द्वारा बताया गया कि सितम्बर 2024 में संपन्न हुए अर्बन बैंक के चुनाव में परिवर्तन पैनल विजयी हुआ था, उन्होंने बताया कि एक वर्ष के अल्प समय मे घोषणा पत्र में किये वायदे के अनुसार लोन पर ब्याज दर 10 से 9%, लोन राशि 20 लाख तक, लोन राशि का 0.25% एकमुश्त भुगतान से लोन बीमा देने की सुविधा, डीविडेंट पर 7 से 7.5% ब्याज दर, उन्नत व नए हालीडे होम, हालीडे होम आवंटन में पारदर्शिता के साथ साथ ही आज सम्पूर्ण रेलवे कॉपरेटिव क्रेडिट सोसायटी एप्प बेस प्रथम सोसायटी बन गया है, जिससे सभी शेयर धारकों को अब ऑन लाइन सुविधा प्राप्त होगी, शेयर धारक अब अपने मोबाईल पर ही खाते का विवरण, लोन किश्त की जानकारी, हालिडे होम बुकिंग कर सकेंगे, भविष्य में ऋण की प्रक्रिया एप द्वारा ही संचालित किए जाने का प्रस्ताव है, अधिवेशन में दक्षिण पूर्व, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं पूर्व तटीय रेलवे के 18 डायरेक्टर सहित 691 डेलीगेट ने सोसायटी को और उन्नत करने के लिए अपने सुझाव दिए हैं, अधिवेशन के दौरान भविष्य में सभी शेयर धारकों को और भी बेहतर सुविधा प्रदान करने का संकल्प लिया गया। बैठक में बैंक के चेयर पर्सन एसपी सिंह सहित अर्बन बैंक बिलासपुर के डायरेक्टर रामकुमार यादव सहित बैंक से जुड़े पदाधिकारी सम्मेलन में उपस्थित थे।

## धरतीपारा में तेज रफ़्तार कार चालक ने पैदल जा रही महिला व बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर

- महिला की मौके पर हुई मौत, दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल
- दुर्घटनाकारी कार को करंजी पुलिस ने किया जप्त, चालक मौके से हुआ फरार

**बिश्रामपुर।** ग्राम धरतीपारा में तेज रफ़्तार कार की टक्कर लगने से एक महिला की मौत हो गई है, लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कार चालक ने महिला के अलावा दो बाइक सवारों को भी जबरदस्त टक्कर मार दी है, करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम नया करकोली निवासी 46 वर्षीय महिला मानकुंवर पति स्व.विफल घासी सोमवार की शाम ग्राम धरतीपारा में करमा त्यौहार मनाकर पैदल वापस घर लौट रही थी, तभी धरतीपारा में कार क्रमांक सीजी 29 एई 7308 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुए महिला को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर मौत हो गई है, करंजी पुलिस ने बताया कि कार चालक ने महिला को टक्कर मारने से पूर्व खोपा स्टेडियम के पास एवं केनापारा में भी दो बाइक सवारों को टक्कर मार दिया है, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है, घटना के बाद कार चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है, स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है, मामले की सूचना पर पुलिस ने कार को जब्त कर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया एवं उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## हिन्दी दिवस पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




हिन्दी दिवस पर तुलसी साहित्य समिति ने वरिष्ठ शायर यादव विकास की अध्यक्षता महामना मालवीय मिशन के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह, गीता मर्मज्ञ पं.रामनारायण शर्मा, वरिष्ठ कवि एसपी जायसवाल, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, चंद्रभूषण मिश्र और पूर्व व्यख्याता सच्चिदानंद पांडेय के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की।

ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि हिन्दी आज देश के बहुसंख्यक जनों की बोलचाल की भाषा ही नहीं अपितु लोक व्यवहार, सरकारी कामकाज, शिक्षा, रोजगार आदि की भाषा भी है। स्वाधीनता आंदोलन में हिन्दी भाषा ने ही देश को एकता के सूत्र में पिरोया था। आज स्वतंत्रता-सेनानियों के संकल्पों को दोहराने और उनके सपनों को साकार करने के साथ नई पीढ़ी को साम्राज्यवाद के विरूद्ध स्वाभिमान व स्वतंत्रता की लड़ाई में हिन्दी के योगदान के विषय में बताने की आवश्यकता है। पं.रामनारायण शर्मा ने हिन्दी के संवर्धन हेतु भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 का उल्लेख किया, जिसमें हिन्दी को भारतीय संघ की राजभाषा स्वीकार किया गया है तथा अनुच्छेद 351 के द्वारा केंद्र शासन को हिन्दी के प्रचार-प्रसार, विकास और उसे समृद्ध करने एवं हिंदी के लेखकों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए है। गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष कवि मुकुंद लाल साहू ने हिन्दी, बिंदी सी सजी, भारत मां के भाल, एसपी जायसवाल ने हिन्दी राष्ट्रभाषा है, प्रताप पाण्डेय ने भारत की शान है हिन्दी, गीता दुबे ने हिन्दी देश की आन है हिन्दी, जय गुप्त ने गर्व हमें हर भाषा पर है, माधुरी जायसवाल ने हिंदोस्ता की बहार है हिन्दी रचना सुनाई। आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, चंद्रभूषण मिश्र, देवेन्द्रनाथ दुबे, रामलाल विश्वकर्मा, कृष्णकांत पाठक, अजय सागर और शायर-ए-शहर यादव विकास ने भी अपनी कविताओं का पाठ किया। आभार ज्ञापन माधुरी जायसवाल ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, मनीलाल गुप्ता, हरिशंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

## चलती बाइक से गिरी वृद्धा, मौत

**अम्बिकापुर।** परिचित के यहां से मेहमानी कर पोता के साथ बाइक से लौट रही वृद्धा चलती बाइक से गिर गई। दुर्घटना में गंभीर हुई वृद्धा की अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम सलका निवासी हस्मेन केवट पति बिगन केवट (70 वर्ष) सोमवार को पोता पिन्टू के साथ बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएफ 1263 से ग्राम पुहपुटरा निवासी परिचित के यहां मेहमानी करने गई थी। शाम को पोता के साथ बाइक से वापस घर आने लगी और जैसे ही एनएच 130 सिंघीटाना के समीप पहुंची तभी चलती बाइक से फिसल कर सड़क पर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। वृद्धा का तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## टमाटर बाड़ी से घर लौटे युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**अम्बिकापुर।** जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम मनोरा निवासी अमन टोप्पो आ. अजय टोप्पो (20 वर्ष) सोमवार की दोपहर पकरीपारा स्थित बाड़ी में लगाए गए टमाटर फसल को देखने गया था। शाम को घर लौटा तो उल्टी करने लगा। युवक के मुंह से कीटनाशक का गंध आने पर परिजन ने कीटनाशक छिड़काव करने के दौरान मुंह में कीटनाशक चले जाने की आशंका पर तत्काल स्थानीय अस्पताल के पश्चात जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.-202509021700027/अ-27/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललकू राम आ. रामदुलार व अन्य, जाति रजवार, निवासी ग्राम कंचनपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा ग्राम कंचनपुर स्थित भूमि कुल खसरा नंबर 14 कुल रकबा 2.6780 हे. भूमि का अनावेदक लक्ष्मीप्रसाद आ. सत्यनारायण व अन्य, निवासी ग्राम कंचनपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के मध्यम खाता विभाजन कराने के संबंध में आवेदन छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा, 178 के तहत प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 9/10/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-2**

सरगुजा मार्केट

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जॉच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ.आशीश जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ.हेमन्त कुमार बी - शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ
डॉ.सोनल गार्डिया - जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ.भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - नाक कान गला रोग विषेशज्ञ
डॉ.नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.रोशन आरा - एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विषेशज्ञ
डॉ.हिमांशु गुप्ता - कैंसर रोग विषेशज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विषेशज्ञ
डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक - 21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

वास्तुकला के देव और
कलात्मक रचनाओं में सर्वश्रेष्ठ
भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन
की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री विश्वकर्मा पूजन
की शुभकामनाएं...
एस.एन. शर्मा
कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष
छ.ग. विश्वकर्मा (मय/मनु) कल्याण संघ

THE COMPLETE PRINTING SOLUTION
9009159188
9669721507
सिंगल कलर प्रिंटिंग
मल्टीकलर प्रिंटिंग
डिजिटल प्रिंटिंग
फ्लेक्स प्रिंटिंग
शादी कार्ड
जम्बो जेरोक्स
थीसिस एवं बुक बाईडिंग
मात्र 1 घण्टे में
विश्वकर्मा प्रिंटर्स & स्टेशनर्स
पता - वार्ड क्र.7 गांधीनगर, अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)

भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन
की हार्दिक शुभकामनाएं...
देवेन्द्र अग्रवाल
धीरेन्द्र अग्रवाल
श्री राम इण्डस्ट्रीज
मनेन्द्रगढ़ रोड, अंबिकापुर

भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन
की
हार्दिक
शुभकामनाएं...
सभी दोपहिया वाहनों के पार्ट्स एवं सर्विसिंग सुविधा उपलब्ध
महावीर ऑटो पार्ट्स M.G. रोड अजिरमा, अंबिकापुर

भगवान
श्री विश्वकर्मा पूजन
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
श्री विश्वकर्मा सेवा समिति
अम्बिकापुर

भगवान
श्री विश्वकर्मा पूजन
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
संजय विश्वकर्मा
अंचल विश्वकर्मा
संजय इंटरप्राइजेस अंबिकापुर
अंचल इलेक्ट्रिक अंबिकापुर
मां महामाया फ्यूल अंबिकापुर
विश्वकर्मा इण्डस्ट्रीज लटोरी
विश्वकर्मा पोल्ट्री लटोरी
घरों में सोलर पैनल लगाये जाते हैं,
विद्युत सामग्री के विक्रेता

भगवान
श्री विश्वकर्मा पूजन
की हार्दिक शुभकामनाएं...
हमारे यहां सभी प्रकार के ट्रकों की बॉडी बनाई जाती है।
लक्ष्मी बॉडी गैरेज
दर्रीपारा, अम्बिकापुर, मो.- 9826119765

भगवान श्री
विश्वकर्मा पूजन
की हार्दिक शुभकामनाएं...
महेन्द्रा ट्रेवल्स
अंबिकापुर
मों. न.- 7772027000

SHRI RAM TVS
श्री विश्वकर्मा पूजन
की शुभकामनाएं...
श्री राम TVS
हॉलीक्रास स्कूल के सामने, मनेन्द्रगढ़ रोड अंबिकापुर
8517092000, 8517093000, 8517094000

JOHN DEERE
जॉन डियर का वादा 5 साल की वारंटी
भगवान
श्री विश्वकर्मा पूजन
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मेहनत का हो सम्मान,
औजारों का हो मान
विश्वकर्मा जी के आशीर्वाद से
कामयाबी की राह बने आसान
जैनसंस ट्रैक्टर्स
रिंग रोड, नमनाकला, नियर महामाया पेट्रोल पम्प, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो.- 9425269230
ब्रांच - लखनपुर, बतौली, दरिमा, बगीचा, मो.- 8305888008

सतीश मिश्रा (लवली)
मनीष मिश्रा (गुंजन)
भगवान
श्री विश्वकर्मा पूजन
की शुभकामनाएं...
शास्त्री ऑटोमोबाईल्स
खरसिया नाका, रिंग रोड,
महामाया मंदिर मार्ग, अम्बिकापुर
मो. 9826876896, 7869007475

mahindra Rise
भगवान
श्री विश्वकर्मा पूजन
की शुभकामनाएं...
25 वर्षों से आपकी सेवा में
शास्त्री एग्रो इण्डस्ट्रीज
शैलेष पाण्डेय (सूरज)
रत्नेश पाण्डेय (चंदा)
अधि. विक्रेता - महिन्द्रा ट्रैक्टर जिला - सूरजपुर
शोरुम - मनेन्द्रगढ़ रोड, सूरजपुर, ब्रांच - अजबनगर, प्रतापपुर, भैयाथान
हेड ऑफिस- शास्त्री कॉम्पलेक्स, अम्बिकापुर मो.- 9425254465, 7974240602

भगवान
श्री विश्वकर्मा पूजन
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जी.एन. सेवा समिति
अंबिकापुर
जिला - सरगुजा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### आरोग्य कलश की एक दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला आज

**अंबिकापुर।** आरोग्य कलश प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन 17 सितम्बर को किया जाएगा। पोस्ट ऑफिस रोड बीही बगीचा के समीप स्थित सिटी कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित कार्यशाला संचालन संस्थापक एवं निदेशक ज्ञानी दास मानिकपुरी करेंगे जिन्होंने जिन्होंने मिड हेड रूट सोल्यूशन चिकित्सा पद्धति विकसित की है। यह पद्धति भारत सरकार में पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि इस पद्धति से असाध्य एवं आनुवांशिक रोगों की पहचान, रोकथाम एवं समाधान, डायबिटीज, हृदयघात, लकवा, मानसिक रोग, थायराइड, मोटापा, पाचन विकार, अस्थि मज्जा निर्माण, सीएसएफ निर्माण, घुटना-रीढ़ ऑपरेशन से बचाव, एक मिनट में तंत्रिका तंत्र व रक्त शुद्धिकरण की जांच, 10 मिनट की एमएचआरएस ग्राफ रिपोर्ट में जन्म से वर्तमान स्थिति व भविष्य के संभावित रोगों की जानकारी, कैंसर, टीबी जैसी गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान की जाएगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य समाज को दवा-रहित, सुरक्षित व किफायती स्वास्थ्य समाधान उपलब्ध कराना है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बदलाव की मांग, आजाद सेवा संघ ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के बाद छात्रों को हो रही समस्याओं को लेकर आजाद सेवा संघ ने प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में कुलपति के माध्यम से राज्यपाल एवं कलेक्टर के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि राजीव गांधी पीजी कॉलेज में संभाग के अन्य कॉलेजों में बड़ी संख्या में ऐसे छात्र हैं जो फर्स्ट और सेकंड सेमेस्टर में एक या दो विषयों में बैक पेपर होने के कारण पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। छात्रों का पूरा एक साल बर्बाद हो रहा है। यह समस्या सरगुजा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा ले रहे छात्रों को प्रभावित कर रही है। आजाद सेवा संघ ने आरोप लगाया कि इस स्थिति के लिए सिर्फ छात्र नहीं, बल्कि कॉलेज प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग भी जिम्मेदार हैं। महाविद्यालयों में कई प्राध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पर्याप्त जानकारी नहीं है, जिसके कारण छात्रों को इस नीति के बारे में सही और पूरी जानकारी नहीं दी गई। आजाद सेवा संघ ने उच्च शिक्षा विभाग से छात्र हित में पांचवें सेमेस्टर में सशर्त प्रवेश देने, पुनर्मूल्यांकन का मौका देने, महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर प्राध्यापकों और छात्रों के लिए जागरूकता और परीक्षण कार्यशाला आयोजित करने की मांग की है।

## पेज 1 के शेष...

### अब कांग्रेस का जांच दल...

आरोप लगाया था और जांच टीम का गठन किया था। 11 सितम्बर को समिति के संयोजक पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के साथ ही पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी रामगढ़ पहाड़ पहुंचे थे और उन्होंने निरीक्षण के बाद दावा किया कि कोयला खनन और ब्लास्ट से पहाड़ को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा। भाजपा ने कांग्रेस व पूर्व डिप्टी सीएम पर राजनीति करने का आरोप लगाया था जिसके बाद कांग्रेस की ओर से भी एक जांच समिति का गठन किया गया था। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का दल आज रामगढ़ पर्वत पर आसन्न खतरे की जांच के लिये पहुंचा। इस दल में 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विनय शर्मा आदि शामिल थे। जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा है कि जांच दल एक प्रेसवार्ता के माध्यम से 17 सितंबर को इस जांच के निष्कर्षों को साझा करेगी। जांच दल के साथ जनपद पंचायत उदयपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, सत्येन्द्र सिंह, अमित सिंह देव, अनिल सिंह, अनूप मेहता, गुरुप्रीत सिद्धू, विकल झा, सतीश बारी, विकास शर्मा, वीरेंद्र सिंह, सतीश यादव, रोहित टेकाम, त्रिलोचन सिंह, देवलाल यादव, सूरज यादव, राम सिंह, सोमू, शुभम पांडे, हर्षवर्धन सिंह, भूपेंद्र गुंजन, नंदलाल, अयांश, ओम्कारेश्वर आदि मौजूद थे।

## कृषि ऋण लेने के बाद 25 हजार किसान नहीं कर रहे भुगतान

# किसानों ने 6 साल में को-ऑपरेटिव बैंक की रोकी 161.90 करोड़ की कर्ज राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- बैंक की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा प्रभाव

कृषि की समृद्धि के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा किसानों को दिए गए कृषि ऋण की शत-प्रतिशत राशि की वसूली नहीं हो पा रही है। ऋणी किसान हर साल लगभग 50 करोड़ की राशि रोक दे रहे हैं। जिससे कालातित ऋण की राशि में लगातार वृद्धि हो रही है। ऋण राशि की वसूली नहीं होने से बैंक की वित्तीय स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक संभाग की विभिन्न शाखाओं एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को उनकी जरूरतों के अनुसार खरीफ एवं रबी फसल के लिए कृषि ऋण उपलब्ध कराता है। कृषकों को ऋण पर नगद राशि के साथ ही खाद-बीज उपलब्ध कराया जाता है। निर्धारित समय पर ऋण का भुगतान करने पर किसानों को ब्याज राशि का भुगतान नहीं करना पड़ता। बिना ब्याज ऋण उपलब्ध होने पर किसानों को खेती के कार्यों में काफी राहत मिलती है। किसान अपनी उपज का विक्रय सहकारी समितियों के माध्यम से करते हैं इसिलए ऋण वसूली में कोई समस्या नहीं होती। बड़ी संख्या में ऐसे किसान हैं जो कृषि ऋण तो लेते हैं लेकिन अपनी उपज दूसरे किसानों के खाते में अथवा दूसरी समितियों में बेच देते हैं जिससे उनकी ऋण राशि की वसूली नहीं हो पा रही है। वर्ष 2018 में शासन द्वारा सभी कृषकों का ऋण माफ करने के बाद कालातीत ऋण राशि में लगातार वृद्धि हो रही है तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की कालातीत ऋण राशि बढ़कर 161 करोड़ पहुंच गई है। कालातीत ऋण की वसूली के लिए सहकारी समिति से लेकर मुख्यालय स्तर से अनेकों बार पहल की गई लेकिन ऋणी किसान राशि देने के लिए तैयार नहीं हैं तथा बैंक व समिति से दूरी बढ़ा लिए हैं। बैंक के प्रबंधक के निर्देश पर अब सहकारी समितियां ऋणी कृषकों को राशि की भरपाई करने नोटिस जारी कर रही हैं। समिति की पहली नोटिस मिलने के बाद ऋणी किसानों में खलबली बच गई है। कुछ किसान बिना ऋण लिए नोटिस जारी करने का आरोप लगा रहे हैं। बैंक प्रबंधन का कहना है कि ऋणी किसानों को तीन नोटिस जारी के बाद धारा 84 के तहत न्यायालय में प्रकरण दायर किया जाएगा तथा कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।




### किसान एक पंजीयन 4 समितियों में

बैंक अधिकारियों के अनुसार कई किसान ऐसे हैं जिनकी कृषि भूमि अलग-अलग इलाके में है। नियमानुसार कोई भी कृषक अपने क्षेत्र का एकमात्र सहकारी समिति का सदस्य होता है लेकिन बड़ी संख्या में किसानों ने समिति कर्मचारियों की मिलीभगत से अलग-अलग समितियों में अपना पंजीयन कराने के साथ ही कृषि ऋण भी हासिल कर लिया है तथा धान की राशि के लिए अपने बचत खाता को संलग्न करा दिया है। ऐसे किसानों की धान की राशि सीधे उनके खाते में जमा हो जाती है तथा ऋण राशि की वसूली नहीं हो पाती। जांच में इस बड़ी गड़बड़ी के सामने आने के बाद प्रबंधन समितियों के खाते का मिलान कर रहा है। सहकारी समितियों के खाते में कई लेन-देन की एंट्री तक नहीं की गई है। इस तरह की गड़बड़ियों को रोकने शासन द्वारा किसानों का आधार आधारित डेटाबेस तैयार किया जा रहा है साथ ही भुंइया एप में दर्ज संपूर्ण रकबे को ऑन लाइन किया जा रहा है ताकि इस तरह की गड़बड़ियों पर तत्काल रोक लगाई जा सके।

### ऋण माफी की उम्मीद में किसान

बैंक अधिकारियों का कहना है कि बड़ी संख्या में किसान हर साल बैंक से कृषि ऋण लेते हैं तथा समय पर राशि का भुगतान कर अपनी स्थिति को सुदृढ़ बना रहे हैं। ऐसे किसानों को ब्याज का भुगतान नहीं करना पड़ता। इसके विपरीत कई किसान ऋण लेने के बाद बैंक से दूरी बना लिए हैं। ऐसे किसानों के ऋण राशि पर 14 फिसदी की दर से ब्याज जोड़ा जा रहा है। इन किसानों को फिर से शासन द्वारा कृषि ऋण माफ करने उम्मीद है। वर्ष 2022-23 में कृषकों को 377 करोड़ का कृषि ऋण दिया था लेकिन 321 करोड़ राशि की ही वसूली हुई। इसी तरह वर्ष 2023-24 में 523 करोड़ की ऋण राशि में 361 करोड़ एवं वर्ष 2024-25 में 502 करोड़ की ऋण राशि में मात्र 481 करोड़ की वसूली हो सकी। तीन साल में ही ऋणी किसानों ने बैंक का 139.90 करोड़ रूपए रोक रखा है।

### बिगड़ रही वित्तीय स्थिति

सरगुजा संभाग के 2552 किसानों ने कृषि ऋण 161.90 करोड़ रूपए रोक रखा है जिससे बैंक की वित्तीय स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ऋण राशि का भुगतान नहीं करने वाले किसानों को सहकारी समितियों द्वारा नोटिस जारी की जा रही है। हर समिति को 50 किसानों से ऋण राशि वसूलने का लक्ष्य दिया गया है।

-बालकृष्ण प्रताप सिंह
मुख्य पर्यवेक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक



## शासन की योजनाओं को पहुंचाएं अंतिम छोर पर निवासरत व्यक्ति तक : उद्धेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- सामरी विधायक ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकर ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की जो योजनाएं चल रही है उन सभी योजनाओं को जमीनी स्तर तक ले जाना है। जब तक योजनाएं जमीनी स्तर तक नहीं जाएंगी तब तक अंतिम छोर में निवासरत व्यक्ति को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। अधिकारी अधूरे कार्यों को समय पर पूर्ण करें ताकि नए कार्य भी हो सके।

विधायक श्रीमती पैकरा सोमवार को जनपद कार्यालय सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक ले रही थी। इस दौरान उन्होंने नल जल योजना के अधूरे कार्यों को लेकर पीएचई विभाग को कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके। अधिकारी नल जल योजना के तहत बन रही पानी टंकी, स्टांप पोस्ट को पूर्ण कराए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि अधिकारी अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार करे। हॉस्पिटल में चिकित्सक ईमानदारी से ड्यूटी करे। उन्होंने समाधान शिविर में आए हुए आवेदनों को संज्ञान लेकर जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने विभागों को अगली बैठक में प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित होने कहा है। बैठक के दौरान पुलिस, आरईएस, पशु चिकित्सा, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों ने अपनी जानकारी और प्रगति रिपोर्ट पेश की। इस दौरान जनपद अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, जिला महामंत्री संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, राजपुर एसडीएम देवेंद्र प्रधान, तहसीलदार सालिक राम गुप्ता, नरेंद्र कंवर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे, थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, रेंजर महाजन साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आदित्य पटनवार, नव पदस्थ बीएमओ आरके जायसवाल, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी रविंद्र लाल, आशीष सिन्हा जानू, राम सोनवानी, अमृता भगत सहित अन्य मौजूद थे।

## दवा छिड़काव के बाद झुलस गई धान की फसल, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- फसल को कीड़े से बचाने डाली थी दवा

विकासखंड के ग्राम लोसगी पंडरी पानी में धान फसल को कीड़ों से बचने के लिए विशेष आरक्षित पण्डो जनजाति का किसान फसल में दवा का छिड़काव किया। फसल में दवा छिड़काव के बाद धान का फसल झुलस कर बर्बाद हो गया। लोस्गी पंडरीपानी निवासी भोज राय आ. गेंदी राम पण्डो ने बताया कि उसने लगभग अपने दो एकड़ खेत में धान की फसल लगाई है। धान फसल बाली को कीड़े खा रहे थे फसल को बचाने किसान के द्वारा लखनपुर के एक दुकान से दवा ले जाकर छिड़काव किया। दवा छिड़काव के बाद धान का फसल झुलस कर बर्बाद हो गया धान फसल के बर्बाद होने के बाद किसान को लाखों रुपए की छती हुई। ऐसे में किसान ने शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।



### बाजार से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम महेशपुर निवासी सागर साय 13 सितंबर को पड़ोसी सूरज प्रसाद आ. ओगर साय (38 वर्ष) का बाइक को लेकर ग्राम सोनगरा स्थित साप्ताहिक बाजार खरीदारी करने गया था। बाइक को बाजार के समीप खड़ा कर खरीदारी करने चला गया और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं तो घटना की जानकारी बाइक मालिक को दी। घटना की रिपोर्ट सूरजप्रसाद ने भटगांव थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## कोडाकू मरीज अस्पताल से लापता जेडी ने दिए जांच के निर्देश

- झेलगी में लादकर परिजन पहुंचे थे परिजन

**अंबिकापुर।** संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र से कोड़ाकू मरीज के लापता होने के मामले में जांच के निर्देश दिए है। जेडी ने जांच टीम का गठन कर दो दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने कहा है। इसके साथ ही जेडी डॉ. शुक्ला ने पीएचसी पम्पापुर और धरमपुर के अनुपस्थित चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को अवैतनिक करने का आदेश दिया है। बता दें कि दूरस्थ क्षेत्र ग्राम गोरगी रामकापारा निवासी नान राम कोड़ाकू को परिजन द्वारा झेलगी में लादकर 25 किमी पैदल चलने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज को एंबुलेंस नहीं मिलने और पैदल झेलगी में लादकर मरीज लेन की सूचना मिलने के बाद एसडीएम जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे लेकिन अस्पताल से मरीज रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली और मरीजों के देखरेख को लेकर सवाल उठने लगे थे। अब तक लापता कोड़ाकू मरीज का पता नहीं चल सका है। इधर इस मामले में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएचसी प्रतापपुर की इस लापरवाही की जांच के लिए जांच के निर्देश दिए है और जांच रिपोर्ट दो दिवस के भीतर प्रस्तुत करने कहा है।

### अवैतनिक किए गए चिकित्सक

इसके साथ ही संयुक्त संचालक श्री शुक्ला ने बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की है। बता दें कि जेडी डॉ. शुक्ला ने 4 सितम्बर को सूरजपुर जिले के पीएचसी पंपापुर व धरमपुर का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अब जेडी ने डॉ. प्रज्जवल सिंह चिकित्सा अधिकारी, श्रीमती सत्यभामा शर्मा पर्यवेक्षक महिला, श्रीमती श्रीती ओझा लैब टेक्नीशियन प्राथमिक स्वास्थ्य पंपापुर व शबाना खातून एएनएम को उक्त अनाधिकृत अनुपस्थित दिवस को अवैतनिक कर दिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# अग्रसेन जयंती पर हो रहे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- रक्तदान शिविर में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा

अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है। 8 से 22 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सभा द्वारा किया जाएगा।

8 सितंबर को क्रिकेट मैच अग्रसेन प्रीमियर लीग का शुभारंभ गांधी स्टेडियम में किया गया था जिसका समापन 12 सितंबर को किया गया। 11 सितंबर को विधिवत अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ अग्रसेन भवन में अग्रसेन महाराज का ध्वज फहरा कर किया गया। ध्वजारोहण पश्चात भगवान अग्रसेन के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष लखीराम अग्रवाल, रमेश बंसल, विनोद अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, महिला सभा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, युवती मंच अध्यक्ष शिखा अग्रवाल, युवा मंच के अध्यक्ष यश अग्रवाल उपस्थित रहे। मंच का संचालन अग्रवाल सभा के सचिव संजय अग्रवाल ने किया। अध्यक्ष संजय मित्तल ने अग्रवाल ने बताया कि सभी के सहयोग से सभी वर्गों का ध्यान में रखते हुए विभिन्न आयोजन किया जा रहा है। अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान चित्रकारी प्रतियोगिता, सामाजिक नारा लिखो प्रतियोगिता, सुडोकू प्रतियोगिता, टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता, लूडो प्रतियोगिता विविध वेशभूषा प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता, साइकिल रेस, वॉलीबॉल प्रतियोगिता, बैडमिंटन प्रतियोगिता छोटे बच्चों हेतु जलेबी दौड़, फुग्गा दौड़, ट्राई साइकिल रेस, सामान पहचानो, अग्र आइडल,वेट लॉस प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता गेट रेडी फॉर स्कूल प्रतियोगिता, जोड़ी कमाल की प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, स्लो स्कूटी प्रतियोगिता, मैं और मेरी बाई प्रतियोगिता, सीन पर प्ले प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा चुका है जिसमें सैकड़ो बच्चे,महिला व पुरुषों ने भाग लिया।

प्रथम द्वितीय प्रतिभागियों को इनाम भी वितरित किया गया। आयोजन के दौरान भंडारे की व्यवस्था की जा रही है। प्रभारी विनोद अग्रवाल द्वारा बताया गया कि पूरे जयंती महोत्सव के दौरान सर्व समाज हेतु भंडारा लगाया जाता है जो की अग्रसेन भवन के बाहर वितरण किया जा रहा है। खेल कूद, संस्कृति व अन्य आयोजनों में अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल सहसचिव घनश्याम गर्ग, पवन गर्ग, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, लेख परीक्षक संजय जालान, सलाहकार मनोज जैन, प्रवक्ता मनोज अग्रवाल,भोजन प्रभारी विनोद अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल, युवा मंच अध्यक्ष यश गर्ग, महिला सभा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल व अन्य प्रभारी उपस्थित रहे।




### 80 यूनिट किया गया रक्तदान

मंगलवार को समाज द्वारा रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया जिसमें लगभग 80 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में महिलाओं व युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजय मित्तल व महिला सभा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, युवा मंच के अध्यक्ष यश अग्रवाल द्वारा रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। शिविर में युवा मंच, अग्रवाल सभा कार्यकारिणी,महिला सभा कार्यकारिणी के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों ने भी रक्तदान किया।रक्तदान प्रभारी अग्रवाल सभा उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने बताया कि समाज कल्याण हेतु अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिवर्ष अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसे जिला चिकित्सालय व अन्य ब्लड बैंकों में दान किया जाता है।

# बिंझिया समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पदाधिकारियों ने युवाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने की दी समझाइश

अखिल भारतीय बिंझिया समाज की क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश संगठन एवं क्षेत्रीय संगठन के निर्देशानुसार पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तपेश्वर राम बिंझिया की अगुवाई में जयनगर में बैठक सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती एवं गोपाल राय बिंझिया की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव हरदेव सिरदार,कार्यक्रम की सभापति शुकरु राम बिंझिया,अध्यक्ष बंधू राम बिंझिया, पूर्व उपाध्यक्ष तपेश्वर राम,क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष शंकर गवंटिया,क्षेत्रीय प्रवक्ता देवधन राम बिंझिया,सह प्रवक्ता राजेश्वर सिरदार,उपाध्यक्ष करिमन राम, संरक्षक राम प्रसाद, सोहरसाय,श्री राम अवतार, बसंत बिंझिया, व्यवस्थापक केशर गवटिया, सपूरन राम बिंझिया को आमंत्रित कर मंचासीन कराया गया, यहां पर सभी मंचस्थ अतिथियों द्वारा स्वागत भाषण में समाज सुधार, शिक्षा पर जोर, युवाओं को टेक्निकल शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा,समाज के पढ़ने वाले छात्र -छात्राओं कैरियर गाईड लाईन देने,साथ ही महिला संगठन को और मजबूत करने की जानकारी,युवा संगठन का विस्तार, प्रति माह बैठक करने की सलाह दी गई एवं समाज के लोगों को नशा सेवन से दुर रहने की बात कही गई,समाज के लोगों को धर्मांतरण से दुर रहने की बात कही गई, इसके लिए कड़ी कानून बनाने के लिए भी विचार किया गया,क्षेत्रीय प्रवक्ता देवधन राय बिंझिया ने बताया कि अब हमारा समाज संगठन और मजबूती के साथ विकास की ओर आगे बढ़ रहा है,संगठन के लोग सरपंच, उपसरपंच, जिला पंचायत सदस्य समेत अन्य निर्वाचित पदों पर रहकर आमजनों की मदद के लिए आगे बढ़े हैं जो कि गर्व की बात है,इस दौरान परस राम, पातर साय सरपंच, श्याम नारायण, कृष्ण पाल बिंझिया, हरिराम, फलेश्वर बिंझिया, गीता राम,दुबराज,राम अवतार, रामनाथ, राजनाथ सिंह, बिगन राम,जय प्रकाश, विजय सिरदार, उदल बिंझिया व अन्य उपस्थित थे।कार्यक्रम में मंच संचालन प्रदेश महामंत्री देवशरण सिंह बिंझिया एवं आभार व्यक्त राजेश्वर सिरदार ने किया।







